# चरमराई सफाई व्यवस्था व टूटी सड़कों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

**सरदारशहर,** (निसं)। नगरपरिषद क्षेत्र में जगह-जगह टूटी सड़कों, समय पर सफाई न होने और पात्र लोगों को पट्टे न मिलने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के पार्षदों ने नगरपरिषद का घेराव किया और धरने पर बैठ गए। उन्होंने नगरपरिषद के आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जनहित की सभी मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की।

नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक ने बताया कि कच्चा बस स्टैंड, बीकानेर

- **नेता प्रतिपक्ष राजेश पारिक के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने नगर परिषद का किया घेराव**

रोड, मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, श्रीराम मंदिर, बुकनसर बास समेत कई प्रमुख मार्गों पर सड़कें टूटी पड़ी हैं। बार-बार अवगत कराने के बावजूद नगरपरिषद के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण घेराव करना पड़ा। पारीक ने कहा कि शहर में सड़क मरम्मत, सफाई, रोशनी, ऑटो टिपर, नाली, जाली मरम्मत और पट्टा वितरण जैसे काम ठप पड़े हैं। इन कार्यों को तुरंत शुरू किया जाना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिले। विरोध प्रदर्शन में नगरपरिषद के नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक, फारूक ज्यान मोहम्मद, जितेंद्रसिंह हाड्डा, याकुब खान, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राजवी, महावीर माली, ताराचंद सैनी, लाल बहादुर सेवदा, मदनसिंह निर्वाण, अंजू भाट और मुन्नालाल वाल्मिकी शामिल हुए। आयुक्त भगवानसिंह ने बताया कि टूटी सड़कों, जाली मरम्मत, सफाई, टिपर चालू करने और रोशनी व्यवस्था में जल्द सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे।



**समस्याओं को लेकर कांग्रेस के पार्षद नगरपरिषद का घेराव कर धरने पर बैठ गए।**

## खिरोड़ की भूरली जोहड़ी में पौधारोपण किया

**खिरोड़,** (निसं)। ग्राम पंचायत की मिठारवालों की ढाणी में भूरली जोहड़ी में भैरूजी क्लब व युवा विकास मंच के साथ पौधारोपण कर आस्था का केंद्र तालाब का अवलोकन किया। प्रधान दिनेश सुंडा ने कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों के साथ भूरली जोहड़ी में बने तालाब का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने प्रधान सुंडा से इस तालाब की मरम्मत करवा कर इसके सौंदर्यकरण की मांग की। इस पर प्रधान दिनेश सुंडा ने ग्रामीणों को इसका तालाब की शीघ्र ही मरम्मत करवाकर इसके सौंदर्यकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान पास में पंचफल योजना में पौधारोपण कार्य किया गया। तालाब को लेकर प्रधान सुंडा ने बताया कि हमारे ऐसे आस्था के केंद्र को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य बनता है। नवलगढ़ पंचायत समिति ऐसे आस्था के केंद्रों को सुसज्जित और जीर्णोद्धार करने लगी है। अवलोकन कर सुंडा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही पंचायत समिति की टीम और ग्राम पंचायत मिलकर निरीक्षण करेगी। नवलगढ़ पंचायत समिति ने खेलों के विकास के लिए पंचायत समिति के सभी 52 खेल मैदानों को मिनी स्टेडियम बनाने का काम चल रहा है। वहीं पंचायत समिति क्षेत्र की 46 ग्राम पंचायतों में से 30 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम लगाई जा चुकी है।

## विधायक ने की जनसुनवाई

**खेतड़ी,** (निसं )। खेतड़ी विधायक ने सोमवार को कॉपर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विधायक ने अधिकारियों को समय रहते आमजन की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर के द्वारा स्थापित जन संवाद केन्द्र पर प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। विधायकके द्वारा पीड़ित की समस्या को सुना जाता है तथ समाधान के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से वार्ता कर समाधान हेतु निर्देश दिए जाते हैं। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि खेतड़ी क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण विकास के क्षेत्र में प्रगति करने में काफी प्रयासरत रहा है। आगामी समय में खेतड़ी के विकास को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंनेबताया कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति को बार बार चक्कर नहीं लगाना पड़े व समस्याएं लम्बित नहीं रहे। इसके लिए समय पर आमजन की समस्याओं का समाधान करवाया जाता है। इस दौरान बिजली, क्षितग्रस्त सड़कें व पेयजल की अधिक शिकायतें पाई गई। इस मौके पर बबलू अवाना, एडवोकेट रोहिताश मणकस, विश्वेंद्र नालपुरिया, रामनिवास लादी, रामजीलाल, एड. महिपाल दौराता, मेहाड़ा, जसरापुर, माधोगढ, ताल आदि गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।

## कलेक्टर ने वर्षा जल संग्रहण इकाइयों का किया निरीक्षण

**बुहाना,** (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल रविवार को बुहाना ब्लॉक के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने बड़बर, भिर्र, जयसिंहपुरा, बुहाना, सुलतान अहीरान व अमरसर के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण इकाइयों, नरेगा कार्यों व पौधारोपण साइट्स का निरीक्षण किया।

बड़बर में उन्होंने फलदार पौधारोपण कार्य, मॉडल चारागाह निर्माण कार्य, आदर्श अमृत सरोवर, वर्षा जल संग्रहण के लिए बनाए गए कुंड व फॉर्म पौंड का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने बड़बर में 7.5 हेक्टेयर में निर्मित मॉडल चारागाह भूमि पर औषधीय पौधे, धामन व स्टाइलों हैमेटा घास लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने करनाना जोहड़ में मॉडल तालाब के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अमरसर गांव के किसान रणजीत सिंह, सुबेसिंह व कृष्ण सिंह के खेतों में मुख्यमंत्री जल स्वालंबन योजना के तहत बनाए गए टांकों का निरीक्षण कर किसानों से पानी के उपयोग के बारे में जानकारी ली। जयसिंहपुरा गांव में कलेक्टर ने चारागाह विकास कार्यों व वृक्षारोपणों कार्यों का निरीक्षण किया। मंडीवाली माता के पास 5 हेक्टेयर चारागाह भूमि में 2000 से अधिक पेड़-पौधे लगाए गए हैं। जिनमें 130 अंजीर के पेड़ देखकर कलेक्टर ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हर पंचायत में एक मॉडल चारागाह निर्मित करने के निर्देश दिए। बुहाना व भिर्र में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत निर्मित वर्षा जल संग्रहण इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बड़बर की महिला किसान कबूला देवी के द्वारा वर्षा जल से तैयार किए गए पौधों का निरीक्षण किया।

## कुलभूषण मित्तल का स्वागत

झुंझुनूं, (निसं)। बहुप्रांत 3233 के पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन लॉयन कुलभूषण मित्तल के सपत्निक सोमवार दोपहर श्री रानीसती जी मंदिर दर्शन के लिए झुंझुनूं आने पर उनका पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल के निवास पर स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर श्री राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इससे पूर्व उनका पीरू सिंह सर्किल पर लॉयंस क्लब झुंझुनू की ओर से तथा श्री राणी सती जी मंदिर में पूर्व प्रांतपाल कुंजबिहारी झुंझुनूंवाला भागलपुर की ओर से भी स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लॉयंस क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल एवं शशि प्रभा केजड़ीवाल उपस्थित थी।

## झुंझुनूं ईदगाह का होगा कायाकल्प

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह परिसर में सोमवार को शहरकाजी सफीउल्लाह एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने फावड़ा चलाकर विकास कार्य की विधिवत शुरूवात की।

ईदगाह कर्बला कमेटी के सदर खादिम खोखर ने बताया कि वर्षों से ईदगाह में नया फर्श करीब 35 हजार फीट पर पत्थर लगाने, दरवाजा एवं मेंबर और दीवारों के काम के लिए कमेटी प्रयासरत थी। दो दिन पूर्व ही समाजसेवी मरहूम डॉ. सलाऊदीन चोपदार के सुपुत्र एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने हमें काम करवाने की हरी झंडी दे दी थी। इसी संदर्भ में सोमवार को ईदगाह कर्बला कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं शहरकाजी सफीउल्लाह तथा सदस्यों ने फावड़ा चलाकर ईदगाह के सौन्दर्यकरण की शुरूवात की एवं शहरकाजी सफीउल्लाह ने देश में अमन चैन एवं ईदगाह के सौन्दर्यकरण के काम के लिए दुआ की। इस अवसर पर कमेटी के कोषाध्यक्ष इकबाल मलवान, उपाध्यक्ष मास्टर युनूस भाटी, उपाध्यक्ष तोफिक पठान, उपाध्यक्ष जाफर तेली, मदरसा कमेटी के अध्यक्ष इमरान बड़गुर्जर, पार्षद उमर कुरैशी, इमरान फारूकी, हाजी सरीफ धोबी, हाजी सलीम धोबी, इस्तियाक खान, इमरान राईन, मनवर दीवान, अजीज मोयल, रफीक चोपदार, उस्मान चोपदार, लतीफ खानजादा, मो. सदीक खोखर, इरफान खान, अनीश कुरैशी, अब्बास अली सैयद सहित काफी गणमान्यजन मौजूद थे।



**शहरकाजी सफीउल्लाह एवं एम.डी. चोपदार ने फावड़ा चलाकर विकास कार्यों की शुरूआत की।**

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिये निर्देश

**सीकर,** (निसं)। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर चौधरी ने बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधित प्रकरणों में प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर अतिशीघ्र कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल व स्टारमार्क में लम्बित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर चौधरी ने पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में योजना से लाभान्वित होने वाले घरों का प्रतिशत बहुत कम है अत: इस संबंध में एवीवीएनएल कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ मिलकर संगोष्टियां आयोजित करें तथा अधिक से अधिक इस योजना का प्रचार-प्रसार करें ताकि आमजन इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सोलर पैनल से बनने वाली अतिरिक्त बिजली को निगम को बेचा जा सकता है तथा गर्मियों के मौसम में बार-बार लगने वाले पावर कट की परेशानी से भी बचा जा सकता है।

## विश्व शांति के लिए किया भोले का रुद्राभिषेक

**चूरू,** (का.सं.)। स्थानीय करंट बालाजी मंदिर प्रांगण में रविवार को विश्व शांति के लिए भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत् पूजा.अर्चना कर रुद्राभिषेक करवाया। इस अवसर पर सोती चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख बनवारी लाल सोती ने सपत्निक व परिवार के साथ रुद्राभिषेक किया। मन्दिर परिसर में दिन भर भजन कीर्तन का दौर चला। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष शंभु दयाल, समाज सेवी फतेहचंद, चंदन, गोपाल, विश्व नाथ, हनुमान माटोलिया, कैलाश नवहाल, भागीरथ शर्मा, राकेश सोती सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## वासुदेव देवनानी और दिया कुमारी रैवासा धाम पहुंचे

**सीकर,** (निसं)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को सीकर के रैवासा धाम पहुंचे, जहां उन्होंने रैवासा धाम के अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी के निधन पर संवेदना व्यक्त की। राघवाचार्यजी के चित्र पर पुष्प चढाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रैवासा धाम के वर्तमान पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य ने दिया कुमारी और विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को शॉल ओढ़ाकर अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि रैवासा धाम शक्तिपीठ के महाराज राघवाचार्य जी का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता रहा था। उन्होंने कहा कि महाराज जी ने इस क्षेत्र में सनातन संस्कृति को आगे बढाने का कार्य किया। उन्होंने कहा रैवास पीठ के विकास कार्यो के प्रस्ताव प्राप्त होंगे तो उन्हें राज्य स्तर से हर संभव कराने का प्रयास किया जायेगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रैवासा धाम में जानकीनाथ बड़ा के दर्शन किए।

# राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र में नहर के पानी के लिए लगातार काम कर रही है : दिया कुमारी

### डिप्टी सीएम दिया कुमारी सीकर, फतेहपुर के एक दिवसीय दौरे पर रही

**सीकर,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सीकर के फतेहपुर शेखावाटी पहुंची। यहां श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वारा आयोजित गोयनका गौरव सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया अस्पताल द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया।

श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वारा आयोजित गोयनका गौरव सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि यह सम्मान उनकी नि:स्वार्थ सेवा और समाज को सशक्त बनाने की दिशा में उनके अनमोल योगदान का प्रतीक है। उन्होंने शेखावाटी के उद्योगपति परिवारों से आव्हान किया कि वे लोग राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राजस्थान में निवेश करें और राजस्थान के विकास में अपनी भागीदार निभाएं।

दिया कुमारी ने कहा कि जब राजस्थान में वसुंधरा राजे की सरकार थी, उस समय हवेलियों के संरक्षण के लिए कमेटी भी बनी थी। उस समय हवेलियों के संरक्षण को लेकर बहुत कुछ काम भी हुआ था। जो पुरानी हवेलियां तोड़ी जा रही हैं उन्हें रोका जाएगा। उन्होंने कहा प्रशासनिक स्तर पर कार्ययोजना बनाई जाएगी जिससे जो हवेलियां बची हुई हैं उन्हें तोड़ने से रोका जाए और क्षेत्र में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाए।

कार्यक्रम में श्री शक्ति गोयनका के चेयरमैन राधेश्याम गोयनका, मैनेजिंग ट्रस्टी सुशील गोयनका, अरूण गोयनका, नवल गोयनका, विष्णु गोयनका, आरके गोयनका, राकेश मुनिम, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, श्रवण चौधरी, जितेन्द्र कारंगा सहित प्रवासीगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने फतेहपुर में सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया अस्पताल द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया चैरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद करती हूं। जिन्होंने अस्पताल के लिए अपनी भूमि नि:शुल्क उपलब्ध करवाई है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में शेखावाटी क्षेत्र में नहर के पानी के लिए काम कर रही है। इसके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर कर हरियाणा से जल समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह कार्य धरातल पर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि फतेहपुर शेखावाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह अच्छा स्त्रोत है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जब मैं यहां आई तो यहां निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुझे अस्पताल कम और फाईव स्टार होटल ज्यादा लगा। जो अत्यधिक सुन्दर बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री ने पूरे परिवार को धन्यवाद देते हुए उनके नि:स्वार्थ भाव से उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं व कार्यो की सराहना भी की।

कार्यक्रम में सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन राधेश्याम भरतीया, शांति देवी भरतीया, विजय भरतीया, आरसीए पूर्व सचिव सुभाष जोशी, बंगाल के पूर्व विधायक दिनेश बजाज, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, मधु कुमावत, इन्दिरा गठाला, जितेन्द्र कारंगा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- **गोयनका गौरव सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को किया सम्मानित**
- **सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया अस्पताल के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन**




**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वारा आयोजित गोयनका गौरव सम्मान समारोह में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया।**

## गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

**चिड़ावा,** (निसं)। श्री गणेश सेवा मित्र मण्डल चिड़ावा द्वारा 8वां गणेश महोत्सव 7 सितम्बर से 16 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। पुरानी बस्ती (वार्ड नं 19) में जगदीश जी के मन्दिर के पीछे आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव में 10 दिन तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। श्री गणेश सेवा मित्र मण्डल के सदस्यों ने बताया कि शनिवार, 7 सितम्बर को गणेश पूजन के साथ महोत्सव का शुभारम्भ किया जायेगा। महोत्सव के दौरान 9 सितम्बर से 14 सितम्बर तक प्रति दिन बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियों की प्रस्तुतियां दी जायेंगी। शनिवार, 14 सितम्बर को महोत्सव आयोजन स्थल पर भगवान गजानन की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। रविवार, 15 सितम्बर को 56 भोग, महा आरती व भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में गायक कलाकार राजू रसिया और नेहा माहेश्वरी भजनों की रस गंगा प्रवाहित करेंगे। सोमवार 16 सितम्बर को आयोजन स्थल पर समस्त विश्व के कल्याण हेतु हवन किया जायेगा जिसके बाद भगवान गणपति की प्रतिमा का विसर्जन होगा। श्री गणेश सेवा मित्र मण्डल के सुमेर सिंह तंवर, विक्की ठाकुर, राजेश भार्गव, संजय शर्मा, विशाल ठाकुर, मोहन, अमन सिंह, हरीश सैनी, तन्मय लाम्बा, हर्षित भार्गव, दीपक, विक्की, मोहित भारतीय, विशाल सैन आदि कार्यकर्ताओं ने आज श्याम मन्दिर के सामने का बैनर लगा कर आयोजन के प्रचार अभियान की शुरुआत की।

## सार-समाचार

### राणी सती दादी का दरबार सजा



**झुंझुनूं,** (निसं)। विश्व प्रसिद्ध झुंझुनूं के राणी सती मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया है। दरअसल भाद्रपद अमावस्या पर दादी की वार्षिक पूजा होती है। इसके लिए देश के कोने-कोने से प्रवासी श्रद्धालु वार्षिक पूजा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचते हैं। इस बार भाद्रपद अमावस्या दो दिन की वजह से सोमवार और मंगलवार को प्रवासी श्रद्धालु बड़ी संख्या में झुंझुनूं पहुंचे है। इस कारण झुंझुनूं शहर के लगभग होटल फुल हो चुके हैं। प्रवासी मंगला आरती से लेकर रात के समय होने वाली आरती तक हर आरती में हिस्सा ले रहे है और राणी सती दादी के दर्शन कर रहे है। मंदिर के मुख्य द्वार को इस बार येलो लाइट में सजाया गया है। जो सभी को आकर्षित कर रही है। इसके अलावा मंदिर तक जाने वाले दोनों चौक में भी लाइटिंग की गई है। जो भी आकर्षण का केंद्र बन रही है। दो दिनों के लिए मंदिर को सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक खोला गया है।

### स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**बीदासर,** (निसं)। अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री राजेंद्र कुमार नायक सोमवार को बीदासर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय टाँटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। राज्य मंत्री नायक ने नि:शुल्क दवा वितरण केंद्र, जांच कक्ष, पट्टी कक्ष, एक्स रे कक्ष आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा भर्ती मरीजों से मिलकर कुशलक्षेम पूछी और इलाज की जानकारी ली, तो मरीजों ने बताया कि महिला विशेषज्ञ चिकित्सक के नियमित अस्पताल नहीं आने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससें बीदासर के रोगियों को इलाज के लिए बाहर जाना पड रहा है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र घोसल्या को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए और समस्याओं को लेकर जानकारी ली। दूसरी और सीएचसी को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत को लेकर मंत्री नायक ने मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री से मिलकर मांग को पूरा करने की बात कही।

### शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ

**बीदासर,** (निसं)। सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री शिवम सुंदरकांड सेवा समिति के तत्वावधान में 6 दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन सोमवार को शिव महापुराण कथा से शुरू हुआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व कस्बे के भूतनाथ महादेव मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर भजन कीर्तन करते हुए कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी तो कलश यात्रा का श्रृद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान गोपाल छापोला, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक, विजय सिंह राजपुरोहित, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण तिवारी, बालकिशन शर्मा, सुशील कंदोई सहित सैकड़ो की संख्या में श्रृंद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर में महा शिव पुराण कथा का वाचन धंवतरी दास महाराज ने किया। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान गोपाल प्रजापत, सत्यनारायण दर्जी, विशाल सोनी, मंदिर के पुजारी बिहारी लाल शर्मा, समिति अध्यक्ष दीपक सांखला ने की।

### जल मंदिर का शुभारंभ

**रतनगढ़,** (निसं)। रतनगढ़ नागरिक परिषद जयपुर के तत्वावधान में सोमवार को सरकाना शक्ति मंदिर के प्रांगण में नव निर्मित शीतल जल मंदिर का लोकार्पण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के आतिथ्य में अग्रवाल समाज अध्यक्ष रामरतन कंदोई, मनोज जोशी, कुलदीप चौधरी, पर्व सरपंच महादेवा राम बिरडा, परिषद सचिव सीए राजेश कंदोई ने किया। परिषद सचिव सीए राजेश कंदोई ने परिषद के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस जल मंदिर का निर्माण आम जन के सेवार्थ परिषद संरक्षक गोपाल मेहरोत्रा ने अपने पूज्य पिताश्री स्व. एड राजेंद्र मेहरोत्रा की पुण्य स्मृति में कराया है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने कहा कि धन की तीन गति होती है दान, भोग और नाश, इन तीनों में उत्तम गति दान है, परोपकार के कार्य करने से लक्ष्मी बढ़ती है। मेहरोत्रा परिवार का जल मंदिर निर्माण के लिए आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम को रामरतन कंदोई, कुलदीप चौधरी, मनोज जोशी, गोपाल मेहरोत्रा ने भी संबोधित किया।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव कल से

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय सब्जी मंडी के पास स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी अणतराम काछवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव के अंतर्गत 4 सितम्बर बुधवार को रुद्राभिषेक, 5 सितम्बर गुरुवार को प्रात: दुग्ध अभिषेक, 6 सितंबर शुक्रवार को प्रात: सिद्धिविनायक का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा 7 सितंबर शनिवार गणेश चतुर्थी को प्रात:सहस्त्रार्चन, दोपहर गणेश जन्म उत्सव आरती तथा सांय 5:30 बजे से गणेश भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात रात्रि विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकार गंगानाथ महाराज रतनगढ़ द्वारा मनभावक भजनों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव तैयारियों को कृष्णकांत काछवाल, राधाकृष्ण पीपलवा, दिनेश सैनी, पंकज पीपलवा, आकाश बसीर, लक्ष्मण स्वामी सहित आयोजन समिति के अनेक कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

### राणी सती का वार्षिक पूजा महोत्सव शुरू

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर की अड़ावतिया कॉलोनी स्थित राणी सती मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक पूजा शुरू हो गई। पहले दिन भजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। जिसके बाद छप्पन भोग और आरती हुई। इधर आयोजन को लेकर मंदिर परिसर और गर्भ गृह की अद्भुत सजावट फूलों से की गई है। वहीं लाइटिंग और रंग बिरंगे कपड़ों से मंदिर परिसर और बाहरी इलाके का श्रृंगार किया गया है। मंदिर परिसर से दूर झूले भी लगाए गए हैं। मंदिर में मंगलावर को देशभर से काफी संख्या में श्रद्धालु आएंगे और विशेष वार्षिक पूजा में भाग लेंगे। मंगलवार सुबह छह बजे से पूजन शुरू होगा। शाम को विशेष आरती भी होगी। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष चाट की व्यवस्था की मंदिर परिसर के गेस्ट हाउस में की गई है। वहीं इस दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम भी तैनात रहेगी। ज्ञात रहे कि सती महिमा मंडन पर रोक है। लेकिन वर्ष में एक बार वार्षिक पूजा करने की इजाजत कोर्ट में दी हुई है।

### भरत गौड़ अध्यक्ष बने

**सरदारशहर,** (निसं)। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा निर्देशानुसार ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन सरदारशहर इकाई का गठन किया गया। गठन इकाई नारायणचंद नाथोलिया, मदनलाल बबेरवाल और गिरधारी लाल पारीक को संरक्षक एवं तहसील अध्यक्ष के पद पर भरत गौड़, तहसील महामंत्री अशोक पारीक, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप झिकनाडिया, देहात अध्यक्ष वरुण शर्मा और देहात मंत्री सुशील पारीक के नामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने करताल ध्वनि के साथ में नव मनोनीत कार्यकारिणी का स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

### साक्षरता दिवस सप्ताह के तहत होगें विभिन्न कार्य

**सीकर,** (निसं)। 8 सितम्बर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस को समारोह पूर्वक मनाये जाने के लिये 02 सितम्बर से 08 सितम्बर तक रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिले की सम्पूर्ण ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर किये जायेंगे। जिला एडीपीसी समसा एवं जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा ने बताया कि 08 सितम्बर को सर्वश्रेष्ठ सर्वेयर, स्वंयसेवी शिक्षक एवं नवसाक्षरों को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा।